# झारखण्ड लोक सेवा आयोग

सर्कुलर रोड, राँची – 834001

## विज्ञापन

| |
|---|
| ऑनलाईन (Online) आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि–24.04.2023 |

| |
|---|
| विज्ञापन संख्या–04 / 2023 |

## झारखण्ड राज्य के जिला दन्त चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर नियुक्ति परीक्षा।

झारखण्ड राज्य के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक–255(3), दिनांक–15.07.2021 के द्वारा **झारखण्ड राज्य में जिला दन्त चिकित्सा पदाधिकारी** के पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु प्रेषित अधियाचना के अनुरूप संसूचित रिक्तियों के आधार पर इच्छुक एवं अर्हताधारी भारतीय नागरिकों से विहित–प्रपत्र में **Online** आवेदन पत्र पुनः आमंत्रित किये जाते हैं।

1. **(i) पद का नाम– जिला दन्त चिकित्सा पदाधिकारी**

   **(ii) विभाग द्वारा अधियाचित कोटिवार रिक्त पदों की संख्या निम्नवत् है :–**

| S.No | Category | Vertical Reservation | Horizontal Reservation against total vacancy | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | No. of vacancies | Primitive Tribe | Women | Sports | Handicapped | | | |
| | | | | | | Blind | Deaf & Dumb | Locomotive | Multiple disabilities |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| i | Unreserved | 05 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| ii | EWS | 01 | | | | | | | |
| iii | ST | 03 | | | | | | | |
| iv | SC | 01 | | | | | | | |
| v | BC-I | 01 | | | | | | | |
| vi | BC-II | 01 | | | | | | | |
| Total of (i) to (vi) | | 12 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |

**(नोट :– कोटिवार रिक्तियों की संख्या घट–बढ़ सकती है)।**

2. **वेतनमान** – **PB-III, रू0–15600-39100 (Grade Pay – 7600)**
3. **पद** – स्थायी
4. **परीक्ष्यमान अवधि** – 2 (दो) वर्ष
5. **अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव :–**

   **(i)** भारतीय दन्त चिकित्सा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एम0डी0एस0 डिग्री (MDS Degree)

   **(ii)** न्यूनतम 07 वर्षों का सरकारी संस्थानों अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों में कार्य करने का अनुभव।

**नोटः–**

**(i)** पद हेतु निर्धारित शैक्षणिक अर्हता, अनुभव के गणना की संदर्भ तिथि ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि होगी।

**(ii)** अनुभव प्रमाण पत्र निर्गत करने वाला संस्थान, सरकारी संस्थान अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान है अथवा नहीं, इससे संबंधित प्रमाण पत्र भी अनुभव प्रमाण पत्र के साथ संलग्न किया जाना आवश्यक होगा।

